RNI NO. RAJHIN/2013/50649

pktimesnews.com | PK Times News | thepktimesofficial | pk_timesofficial

PK टाइम्स

दैनिक लोक टुडे

www.loktodaynews.com

ज़िंदगी का सफर मानो तो मौज है वरना समस्या तो रोज है।

वर्ष - 12 | अंक - 268 | मूल्य - 1 रुपए | राजस्थान | रविवार, 12 अप्रैल, 2026

# रिफाइनरी के पास अब औद्योगिक विकास को लगेंगे पंख

## 5 नए इंडस्ट्रियल एरिया बनेंगे, 800 से ज्यादा भूखंड होंगे विकसित, बालोतरा-बाड़मेर क्षेत्र एक बड़े पेट्रो-इंडस्ट्रियल हब बनेगा

**मनोहरसिंह खोखर**
**जयपुर**

रिफाइनरी के साथ अब पश्चिमी राजस्थान में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिलने जा रही है। रिफाइनरी के आसपास 5 नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास की योजना पर काम तेज हो गया है। करीब 417 हेक्टेयर में 800 से अधिक भूखंड विकसित किए जाने प्रस्तावित है। एक औद्योगिक क्षेत्र में जल्द विकास कार्य शुरू होगा, जबकि बाकी चार के लिए राज्य सरकार रीको को जमीन आवंटित की गई है। ये सभी क्षेत्र राजस्थान पेट्रो जोन का हिस्सा होंगे, जहां रिफाइनरी के बाय-प्रोडक्ट्स आधारित उद्योग स्थापित होंगे। इससे उद्योगों को कच्चा माल आसानी से मिलेगा और एक मजबूत औद्योगिक क्लस्टर विकसित होगा। खास बात ये है कि इस परियोजना को गति देने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार 21 अप्रैल के पीएम के कार्यक्रम में इन औद्योगिक क्षेत्रों की औपचारिक घोषणा संभव है।



### प्लग-एंड-प्ले मॉडल से तेजी

निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रीको प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर विशेष जोर दे रहा है। इसके तहत तैयार फैक्ट्री शेड बनाए जा रहे हैं, ताकि उद्योग बिना देरी के उत्पादन शुरू कर सकें। रीको ऐसे करीब 8 प्लग एवं प्ले फैक्ट्री शेड्स का आरपीजेड में निर्माण कर रहा है। एक शेड की कीमत करीब 3 करोड़ रुपए है।

### पहले चरण में आधार तैयार, निवेश ने पकड़ी रफ्तार

रीको के बोरावास-कलावा औद्योगिक क्षेत्र के पहले चरण में 29.77 हेक्टेयर में 75 भूखंड विकसित किए गए हैं। सड़क-बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं तैयार हैं। अब तक 25 उद्योगों को 36 भूखंड आवंटित हो चुके हैं, जिनसे करीब 43 करोड़ रुपए निवेश और 476 रोजगार का अनुमान है, हालांकि कई इकाइयों में निर्माण अभी बाकी है।

### ये हैं पांच औद्योगिक क्षेत्र

1. बोरावास-कलावा के दूसरे चरण में करीब 87.64 हेक्टेयर जमीन पर 257 नए भूखंड विकसित किए जा रहे हैं। सड़क, बिजली, स्ट्रीट लाइट सहित बुनियादी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 68 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होंगे। इन औद्योगिक क्षेत्र के लिए **मिली जमीन :** रिफाइनरी के आसपास अलग-अलग स्थानों पर नई जमीन आवंटित कर नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं। इन सभी क्षेत्रों में अभी प्लानिंग, सर्वे, पर्यावरण स्वीकृति और विकास कार्य की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

2. **सिंधियों की ढाणी-** 74.47 हेक्टेयर

3. **वेदरलाई-** 58.14 हेक्टेयर

4. **बोरावास विस्तार-** 97.38 हेक्टेयर

5. **खेमाबाबा नगर-** 101.65 हेक्टेयर

# वृंदावन में नाव पलटी, 11 पर्यटकों की मौत

## यमुना में 250 गोताखोर तलाश कर रहे, लोगों को मरता छोड़कर भागा नाव मालिक गिरफ्तार

**लोक टुडे। मथुरा**

मथुरा के वृंदावन में नाव हादसे में 11 की मौत हो गयी है। अब तक 23 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। अभी 4 लोग लापता हैं। शनिवार को दूसरे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। आर्मी समेत 250 लोगों की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई है। 14 किमी के दायरे में लापता लोगों की तलाश की जा रही है। लापता लोग अभी तक क्यों नहीं मिल रहे हैं? इस सवाल पर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे अफसर ने बताया कि यमुना नदी का बहाव तेज है, इसलिए लोग बहकर काफी दूर जा सकते हैं। इसके अलावा, नदी के अंदर गाद (कीचड़) और रेत में शव दबे हो सकते हैं। 24 घंटे बाद शव फूलकर ऊपर आ सकते हैं। हादसा शुक्रवार दोपहर 3 बजे केसी घाट पर हुआ, जहां 37 श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई थी। घाट बांके बिहारी मंदिर से करीब 2 किमी दूर है। मृतकों में मां-बेटे, चाचा-चाची और बुआ-फूफा समेत एक ही परिवार के 7 लोग शामिल हैं। जिस जगह हादसा हुआ,



वहां 25 फीट गहरा पानी है। शुरूआती जांच से पता चला है कि नाव की क्षमता 40 श्रद्धालुओं की थी। किसी भी श्रद्धालु को नाविक ने लाइफ जैकेट नहीं दी थी। पांटून पुल की रिपेयरिंग कर रहे लोगों और अन्य नाविकों ने कुछ लोगों को बचाया। बाद में प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू शुरू किया। पुलिस ने आरोपी नाविक पप्पू निषाद को हादसे के 6 घंटे बाद यानी रात 9 बजे हिरासत में लिया। नाव उसकी खुद की थी। उसने श्रद्धालुओं को जुगल घाट से बैठाया था।



### ऐसे हुआ हादसा

हादसे में जिंदा बचे युवक ने बताया- नाव तट से करीब 50 फीट दूर यमुना नदी के बीच में थी। उस वक्त हवा करीब 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। तेज हवा के कारण नाव अचानक डगमगाने लगी। नाविक का नियंत्रण छूट गया। पर्यटकों ने नाविक से कहा कि पुल आने वाला है, नाव रोक लीजिए, लेकिन उसने नहीं सुनी। दो बार नाव पीपा पुल से टकराने से बची, लेकिन तीसरी बार टक्कर हो गई और नाव डूब गई।

# PWD के एक्सईएन और दलाल 33 लाख रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप

## ACB की जयपुर और झुंझुनूं में कार्रवाई; जमीन अलाइनमेंट बदलने के नाम पर मांगी थी घूस

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) के एक्सईएन और एक दलाल को 33 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रैप किया है। यह घूस झुंझुनूं में एक स्टेट हाईवे के रोड अलाइनमेंट में बदलाव करने और खातेदारी जमीन को सड़क से बाहर निकालने के नाम पर मांगी गई थी। एसीबी टीम ने ट्रैप की कार्रवाई शुक्रवार रात करीब 8 बजे की। एसीबी ने जयपुर की चौमूं पुलिया के पास से 33 लाख रुपए के साथ दलाल याकूब को रंगे हाथों पकड़ा। इसी के सामानांतर कार्रवाई में झुंझुनूं में दूसरी एसीबी की टीम ने PWD के एठ राकेश कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दलाल यह रकम राकेश कुमार तक पहुंचाने वाला था।

### नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए नकाली जा रही रोड :

एडिशनल एसपी संदीप सारस्वत ने बताया- झुंझुनूं के बग्गड़ से स्टेट हाईवे को नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए रोड निकाली जा रही है। रोड अलाइनमेंट का काम झुंझुनूं इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी वैशाली नगर जयपुर को सरकार की ओर से सर्वे और अलाइनमेंट का जिम्मा दिया गया था। शिकायतकर्ता (परिवादी) की खातेदारी की जमीन को रोड में शामिल किया गया। उसके बाद रिअलाइनमेंट के नाम पर जमीन को बाहर निकालने का झांसा दिया गया। कंपनी के प्रतिनिधि याकूब अली चित्रकूट इलाके में स्थित अपने ऑफिस से रिश्वत रकम लेकर झुंझुनूं के चिड़ावा जाने की तैयारी में था। वहां यह रकम एक्सईएन राकेश कुमार को देने वाला था।



### इंडिकेटर जला तो एसीबी ने पकड़ा

शिकायतकर्ता रिश्वत की रकम लेकर चौमूं पुलिया पहुंचा था। दलाल याकूब अपनी गाड़ी से उतरकर शिकायतकर्ता की गाड़ी में बैठ गया। एसीबी के कहे अनुसार शिकायतकर्ता ने रिश्वत के 33 लाख रुपए दलाल याकूब को पकड़ा दिए। एसीबी को कार का इंडिकेटर जलाकर रिश्वत की रकम देने का संकेत दिया।

### एसीबी ने चौमूं पुलिया पर दबिश देकर पकड़ा

शुक्रवार रात करीब 8 बजे चौमूं पुलिया के पास से 33 लाख रुपए लेने के बाद याकूब ने PWD XEN राकेश कुमार से मोबाइल कॉल पर बातचीत की थी। रिश्वत की रकम याकूब शनिवार को चिड़ावा जाकर XEN राकेश कुमार को देने वाला था। उसके बताए अनुसार दूसरी टीम ने झुंझुनूं में चिड़ावा से XEN राकेश कुमार को भी उसके घर से हिरासत में ले लिया। जांच में यह भी सामने आया कि याकूब अली गजट नोटिफिकेशन में अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में शामिल है। वह किटाणा (झुंझुनूं) का रहने वाला है।

# धमाके के साथ फट गया था लाइनमैन का शरीर

## ग्रामीणों ने अस्पताल के बाहर किया प्रदर्शन; फॉल्ट ठीक करते वक्त हुआ था हादसा

**लोक टुडे। उदयपुर**

उदयपुर में फॉल्ट ठीक करते वक्त ब्लास्ट के साथ लाइनमैन का शरीर बुरी तरह फटकर पोल से नीचे गिर गया था। हादसे में लाइनमैन का पैर भी टूट गया था। हादसे के बाद देर रात तक करीब 1 बजे लोग डबोक हॉस्पिटल के बाहर जमे रहे और घटना का विरोध किया। मौके पर



मावली तहसीलदार, डबोक थानाधिकारी गोपालनाथ और एक्सईएन राकेश करण सहित परिजन और ग्रामीण मौजूद थे। परिजन ठेकेदार को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद सुबह वापस ग्रामीण एकत्रित हुए। करीब एक घंटे तक विरोध के बाद ठेकेदार द्वारा 7 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने पर सहमति बनी। इसके बाद पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया शुरू की गई।

**आखिर लाइन चालू किसने की ?**

मामले में दूसरे दिन भी अधिकारी यह तक नहीं बता पाए कि आखिर लाइन चालू किसने की? सवाल पूछे जाने पर प्रतापनगर एक्सईएन र-ाकेश करण बोले- यह जांच का विषय है। उच्चाधिकारी इसकी जांच करवाएंगे।

# जयपुर में 50 हजार रिश्वत लेते ट्रैप हुआ आर्मी इंजीनियर

## जोधपुर में CBI मामलों के जज के निवास पर किया पेश, दो दिन के रिमांड पर भेजा

**लोक टुडे। जोधपुर**

जयपुर में 50 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार आर्मी के असिस्टेंट गैरिसन इंजीनियर सुधांशु सुमन को शनिवार को जोधपुर में कोर्ट



में पेश किया गया। सीबीआई मामलों के जज के निवास पर पेश किया गया। आरोपी को दो दिन के रिमांड पर भेजा गया है। आरोप है कि उसने 35 लाख रुपए का बिल पास करने के बदले 90 हजार रुपए घूस की मांग की थी। शुक्रवार को जोधपुर उइककी टीम ने जयपुर से सुधांशु सुमन को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। जिसके बाद आज सीबीआई की टीम आरोपी को जयपुर से जोधपुर लेकर पहुंची है।

PK टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com

02

जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, रविवार, 12 अप्रैल, 2026

# अजमेर का केकड़ी राज्य का पहला फ्री वाई-फाई जोन घोषित

**शहरवासियों को 24 घंटे फ्री हाई-स्पीड इंटरनेट की मिलेगी सुविधा, अलग से किसी डिवाइस की जरूरत नहीं**

**लोक टुडे। अजमेर**

अजमेर जिले का केकड़ी शहर अब डिजिटल क्रांति का नया केंद्र बन गया है। 10 अप्रैल को स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने केकड़ी को राजस्थान का पहला फ्री वाई-फाई जोन घोषित किया। 3 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस प्रोजेक्ट के तहत अब शहर-वासियों को 24 घंटे फ्री हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा- डिजिटल क्रांति के दौर में फ्री वाई-फाई जोन बनाना भविष्य की जरूरत है। सरकार का यह दूरदर्शी कदम है।





### 8 लोकेशन पर 45 एक्सेस पॉइंट

शहर में 8 लोकेशन पर 45 एक्सेस पॉइंट लगाए हैं। एक पॉइंट से 100 मीटर के एरिया में लोग इंटरनेट कनेक्ट कर सकेंगे। इंटरनेट की इस सुविधा से एक बार में 5 हजार लोग जुड़ सकेंगे। इस दौरान लोगों को 5 एमबीपीएस की स्पीड मिलेगी। राउटर लगाने वाली कंपनी 3 साल तक इसका मेंटेनेंस करेंगी। इस मॉनिटरिंग के लिए नगर पालिका में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां हर समय दो टेक्निकल कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

### केकड़ी शहर को 8 जोन में बांटा

केकड़ी शहर में 3 करोड़ की लागत से विकसित की गई इस फ्री वाई-फाई परियोजना के तहत शहर के 8 मुख्य सार्वजनिक जगहों पर वाई-फाई राउटर लगाए गए हैं। इनमें राजकीय जिला अस्पताल, नगर पालिका परिसर, बस स्टैंड, पंचायत समिति, घंटाघर, तेलियान मंदिर, खाटू श्याम मंदिर और कोर्ट परिसर शामिल हैं।

### मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने केकड़ी के लोगों को दी बधाई

केकड़ी के वाई-फाई जोन बनने को लेकर मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने लोगों को बधाई दी। मंत्री ने कहा- केकड़ी को राजस्थान का पहला फ्री वाई-फाई जोन घोषित करते हुए शहरवासियों को 24 घंटे निशुल्क इंटरनेट की सुविधा दी गई है। डिजिटल युग में यह पहल केकड़ी को तकनीकी रूप से सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दूरदर्शी निर्णय है, जो युवाओं, स्टूडेंट्स और व्यापारियों के लिए नए अवसर के द्वार खोलेगा।

## बीकानेर के 800 व्यापारी मुश्किल में; 100 कंटेनर समुद्र में अटके

**नमकीन-पापड़ 20 रुपए तक और महंगे हो सकते, बीकाजी दाम बढ़ा चुका**

**लोक टुडे। बीकानेर**



बीकानेर में भुजिया की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की तैयारी है, जहां हाल ही में 20 रुपए प्रति किलो बढ़ने के बाद मजदूरों की मजदूरी मांग के चलते और 20 रुपए तक बढ़ सकती है। यह बदलाव एक-दो दिनों में लागू हो सकता है। कच्चे माल, पैकिंग और अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण लागत बढ़ी है, जबकि मध्य पूर्व में ईरान, अमेरिका और इजरायल के तनाव से निर्यात प्रभावित हुआ है। एक्सपोर्ट महंगा होने से 800 से ज्यादा व्यापारी प्रभावित हैं और 100 कंटेनर रास्ते में अटके हुए हैं, जिससे उत्पादन और सप्लाई समय 25-30 दिन से बढ़कर 50-60 दिन हो गया है, जिससे व्यापारियों की चिंता बढ़ी है।

**एक्सपोर्ट महंगा, फैक्ट्रियों में काम कम :** निर्यातक वेद प्रकाश अग्रवाल के अनुसार एक्सपोर्ट की दरें बढ़ने से भुजिया उद्योग पर असर दिख रहा है। भुजिया बनाने वाली फैक्ट्रियों में कामकाज कम हुआ है और उत्पादन प्रभावित हुआ है। बीकानेर में 800 से ज्यादा भुजिया व्यवसायी इस उद्योग से जुड़े हैं, जहां रोज करीब 10 टन उत्पादन होता है। इसमें से करीब 70 प्रतिशत माल निर्यात किया जाता है, जो अब प्रभावित हो रहा है।

**मजदूरी और लागत से बढ़े दाम :** भुजिया मजदूरों ने प्रति इकाई 15 रुपए मजदूरी बढ़ाने की मांग की है। इसके कारण कीमतों में और 20 रुपए प्रति किलो तक बढ़ोतरी संभव है। पहले ही परिवहन लागत के चलते 20 रुपए प्रति किलो की वृद्धि हो चुकी है। व्यापारियों का कहना है कि बढ़ी हुई लागत का पूरा असर ग्राहकों पर डाला जाएगा।

**कच्चे माल और पैकिंग महंगी :** व्यापारी ऋषि पुरोहित के अनुसार डॉलर महंगा होने से खाद्य तेल करीब 20 प्रतिशत तक महंगा हुआ है। इसके साथ ही पॉलिथीन, कार्टन और अन्य पैकिंग सामग्री के दाम भी बढ़े हैं। सारा रॉ मटेरियल महंगा होने से उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है और स्थानीय बाजार में भुजिया पहले ही 20 रुपए प्रति किलो महंगी हो चुकी है।

## गोडावण की पहली बार कृत्रिम नर्सरी में कुदरती प्रजनन

**लोक टुडे। जैसलमेर**

ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB) को बचाने की मुहिम में अब एक ऐसा मोड़ आया है जिसने वैज्ञानिकों को भी सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। इस साल की सबसे विशेष बात यह है कि अब संरक्षण केंद्र में मौजूद पक्षी खुद प्राकृतिक रूप से प्रजनन कर रहे हैं। साल 2026 में 3 चूजों का जन्म इस बात का प्रमाण है कि अब ये पक्षी इंसानी मदद के बजाय खुद वंश बढ़ाने में सक्षम हो चुके हैं। साथ ही 8 कृतिम तरीके से पैदा हुए। यह एक बड़ा बदलाव है क्योंकि अब तक सारा दारोमदार जंगल से लाए गए अंडों पर था। डेजर्ट नेशनल पार्क के DFO बृजमोहन गुप्ता के अनुसार- जीआईबी संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम के चौथे सत्र की शुरूआत बेहद उत्साहजनक रही है। इस सीजन 11 चूजों का आना हमारे वैज्ञानिकों और फील्ड स्टाफ की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

**संख्या बढ़कर हुई 79 :** डेजर्ट नेशनल पार्क के DFO बृजमोहन गुप्ता ने बताया- इस साल के प्रजनन सीजन में खुशी की बात ये है कि पक्षी खुद प्रजनन कर प्राकृतिक तरीके से प्रजनन करके माता-पिता बन रहे हैं जो बेहद खुशी की बात है। इस सीजन में हमने रामदेवरा



व सम स्थित सुदासरी ब्रेडिंग सेंटर में 11 नन्हे मेहमानों का स्वागत किया है। इनमें से 8 कृतिम तरीके से जबकि 3 प्राकृतिक तरीके से पैदा हुए हैं। इस तरह रामदेवरा में 54 और सम स्थित सुदासरी में 25 गोडावण है। इनकी बढ़ती संख्या बेहद चौंकाने वाली और उत्साहजनक है।

**सफलता का नया समीकरण :** खास बात ये है कि अब वैज्ञानिक केवल 'केयरटेकर' हैं, पक्षी खुद 'पेरेंट्स' बन रहे हैं। 2019 से अब तक संस्थापक पक्षियों की संख्या 33 है, लेकिन उनके द्वारा पैदा किए गए बच्चों की संख्या 46 तक पहुंच गई है। साल 2026 के प्रजनन काल में 11 बच्चों का आना एक सुखद एहसास है। 8 कृतिम तरीके से जबकि 3 प्राकृतिक तरीके से पैदा हुए हैं। इस तरह रामदेवरा में 54 और सम स्थित सुदासरी में 25 गोडावण है। इनकी बढ़ती संख्या बेहद चौंकाने वाली और उत्साहजनक है। 8 कृतिम तरीके से जबकि 3 प्राकृतिक तरीके से पैदा हुए हैं। इस तरह रामदेवरा में 54 और सम स्थित सुदासरी में 25 गोडावण है। इनकी बढ़ती संख्या बेहद चौंकाने वाली और उत्साहजनक है।

**थार के मैदानों में सुरक्षा का घेरा :** जैसलमेर के ग्रासलैंड में इन नन्हे मेहमानों का स्वागत करने के लिए 'प्रिडेटर प्रूफ' (शिकारियों से सुरक्षित) बाड़े और बिजली की लाइनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। प्रोजेक्ट के जानकारों का कहना है कि अगर प्रजनन की यही 'नेचुरल स्पीड' रही, तो अगले 5 सालों में गोडावण की आबादी सुरक्षित स्तर पर पहुँच जाएगी।

## असम CM बिस्वा ने किये खाटूश्यामजी दर्शन

**लोक टुडे। खाटूश्यामजी**

असम में विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों से पहले मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा खाटूश्याम मंदिर (सीकर) पहुंचे। बिस्वा ने मंदिर में पूजा-अर्चना करके देश की खुशहाली की कामना की। मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने पूजा अर्चना करवाई। इस दौरान कोषाध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह चौहान भी मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा ने कहा- मैं बाबा के दरबार में हमेशा आता रहता हूं। अब चुनाव खत्म होने के बाद यहां पर आया हूं। इसके बाद सालासर जाने का कार्यक्रम है। शर्मा ने विश्वास जताया कि असम में बीजेपी बड़ी जीत हासिल करेगी। वहां पर 126 सीटें हैं। इस बार बीजेपी 90 से 100 सीटों के बीच जीत हासिल करेगी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा द्वारा लगाए गए आरोपों पर शर्मा ने कहा- यह मंदिर है, यहां पर ज्यादा राजनीति की बात नहीं करना चाहता। लेकिन जो भी काम किए, वे फोटोशॉप है

## क्राइम फाइल्स

## सरपंच के बेटे ने ट्रॉली से लटककर किया सुसाइड



**लोक टुडे। बांसवाड़ा**

बांसवाड़ा में सरपंच के बेटे ने सुसाइड कर लिया। वह देर रात घर से ट्रैक्टर लेकर निकला था। इसके बाद परिजन उसकी तलाश करते रहे। सुबह वह खेत में ट्रैक्टर ट्रॉली पर लटका मिला। युवक ने ट्रॉली को हाइड्रोलिक से ऊंचा किया और उसके हुक में रस्सी लटका कर सुसाइड कर लिया। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस को ग्रामीणों ने शव लटका होने की सूचना दी थी। मामला मोटागांव थाना क्षेत्र के नागवाला गांव का शनिवार सुबह का 9 बजे का है। मोटागांव रत्नड रमेशचंद्र पाटीदार ने बताया- टापरातलाई गांव के रहने वाले अमर सिंह गड़ा सरपंच प्रेमशंकर भगोरा के बेटे गणेश लाल (26) ने सुसाइड कर लिया। मामले में जांच जारी है। युवक कल रात से घर से लापता था।

**खेत में ट्रॉली को ऊंची कर लगाया फंदा :** रत्नड रमेशचंद्र पाटीदार ने बताया- गणेश शुक्रवार शाम को घर से ट्रैक्टर लेकर निकला था। जब वह देर रात तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। शनिवार सुबह करीब 9 बजे ग्रामीणों से सूचना मिली कि नागवाला गांव के खेत में ट्रैक्टर की ट्रॉली से एक युवक का शव लटका हुआ है। इसके बाद मौके पर पहुंचे तो युवक की पहचान गणेश के रूप में हुई।

## शराब पीकर युवक ने पेट्रोल छिड़क खुद को लगाई आग

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर में पेट्रोल छिड़क कर एक युवक के खुद को आग लगाने का मामला सामने आया है। गर्लफ्रेंड को डराने के लिए वह शराब पीकर सुसाइड करने का नाटक कर रहा था। गर्लफ्रेंड को वीडियो भेजने के लिए मोबाइल में रिकॉर्ड करने के दौरान खुद पर डाले पेट्रोल ने आग पकड़ ली। कालवाड़ थाना पुलिस ने गंभीर झुलसी हालत में उसे रटर हॉस्पिटल में एडमिट करवाया है। अउढ (झोटवाड़ा) आलोक कुमार सैनी ने बताया कि कालवाड़ के रहने वाले 23 साल के युवक ने खुद को आग लगाई। जानकारी के मुताबिक, रात करीब 9 बजे वह शराब पीकर घर के नजदीक बने मंदिर के पास बैठा था। इस दौरान पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगा ली। शरीर का ऊपरी हिस्सा झुलसने पर शोर मचाते हुए अपने घर जा पहुंचा। परिजनों के पूछने पर कभी करंट लगने, कभी किसी और के उसे जलाने और बाद में खुद के आग लगाने की कहकर बार-बार बात बदलता रहा। परिजनों ने उसे तुरंत झुलसी हालत में नजदीकी प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। डॉक्टर्स ने हालत गंभीर देखते हुए उसे रटर हॉस्पिटल रेफर कर दिया। आग से 45 प्रतिशत झुलसे युवक का रटर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

**नाटक कर बना रहा था वीडियो:** कालवाड़ थाना पुलिस सूचना पर रटर हॉस्पिटल पहुंची। वर्न वार्ड में एडमिट युवक के बयान दर्ज किए गए। पुलिस के दर्ज बयानों में युवक ने बताया कि वह शराब पीकर सुसाइड करने का नाटक कर मोबाइल में वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था। वीडियो बनाते समय उसने शराब के नशे में होने की एक्टिंग की। उसके बाद बोतल में लाया पेट्रोल अपने ऊपर उड़ेल लिया। वीडियो बनाने के दौरान माचिस जलाते समय टी-शर्ट पर मौजूद पेट्रोल ने आग पकड़ ली। आग पकड़ने के चलते वह झुलस गया। मोबाइल में सुसाइड करने के नाटक का वीडियो वह अपनी गर्लफ्रेंड को डराने के लिए भेजने के लिए बना रहा था।

पीके टाइम्स
www.pktimesnews.com
दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com

जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार
जयपुर, रविवार, 12 अप्रैल, 2026

# सीएम ने दिया तोहफा; बांदीकुई को मिली 607.66 करोड़ की सौगात

**लोक टुडे । जयपुर**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर दौसा जिले के बांदीकुई में 607.66 करोड़ रुपए की लागत के 213 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर शर्मा ने पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर रखने, बांदीकुई-दौसा रेलवे फाटक पर आरओबी निर्माण, बांदीकुई एवं बसवा नगर पालिका में सीवरेज एवं ड्रेनेज गेप के कार्य के साथ ही राजस्थान के प्रत्येक ब्लॉक में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में सावित्री बाई फुले ई-लाइब्रेरी की स्थापना एवं सभी जिलों में महात्मा ज्योतिबा फुले आदर्श विद्यालय स्थापित करने की घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गरीब, किसान, मजदूर और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य कर रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री दोपहर को बांदीकुई पहुंचे और राजेश पायलट राजकीय पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के समाज सुधार में योगदान को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के उत्थान में समर्पित किया। सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए अपनी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से रखा।



### भव्य कलश यात्रा निकाली गई

कार्यक्रम स्थल पर करीब 25 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। तीन बड़े डोम बनाए गए थे, जहां दूर-दराज से आए लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम से पहले शहर में भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई, जिसमें 11 हजार कलश शामिल रहे। यात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड, डीजे, हाथी, घोड़े और ऊंट शामिल रहे। पूरे शहर में 251 स्वागत द्वार बनाए गए और 31 जेसीबी से पुष्प वर्षा की गई, जिससे माहौल उत्सवमय बना रहा। सभा के दौरान विधायक भागचंद टांकड़ा ने क्षेत्र के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में बांदीकुई को जितना विकास मिला है, उतना पहले नहीं हुआ। उन्होंने जल व्यवस्था में सुधार का भी उल्लेख किया और कहा कि अब पानी की आपूर्ति पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा और कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 900 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे और वाहनों की पार्किंग के लिए 18 स्थानों पर विशेष इंतजाम किए गए।

## महात्मा ज्योतिबा फुले का संपूर्ण जीवन प्रेरणादायक : राज्यपाल

**लोक टुडे । जयपुर**



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर उनकी प्रतिमा को नमन करते उन्होंने कहा कि वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित उनका संपूर्ण जीवन प्रेरणा देने वाला है। बागडे ने कहा कि महान समाज सुधारक, महिला शिक्षा के अग्रदूत और सत्यशोधक समाज के संस्थापक ज्योतिबा फुले व्यक्ति नहीं महामानव थे। उनका जीवन हमें सामाजिक समरसता और ज्ञान के लिए समर्पित रहकर दूसरों के कल्याण के लिए कार्य करने के आदर्श से जोड़ने वाला है। राज्यपाल ने ज्योतिबा फुले के जीवन प्रसंगों को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने रूढ़िवादी परंपराओं का विरोध किया और शिक्षा के माध्यम से समाज में जागृति लाने का कार्य किया। ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन वंचित, शोषित, पीड़ित पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने महाराष्ट्र में महात्मा ज्योतिबा फुले स्मारक की चर्चा करते हुए कहा कि वह युग प्रवर्तक थे। उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलते हुए हम जीवन की उज्ज्वल राहों की ओर अग्रसर हों।

## जयपुर में 16 लोगों को कुचलने वाले ऑडी-ड्राइवर की जमानत

**लोक टुडे । जयपुर**

जयपुर के मानसरोवर में 9 जनवरी को 16 लोगों को कुचलने वाले ऑडी ड्राइवर और मुख्य आरोपी दिनेश रणवा को राजस्थान हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरोपी को 50 हजार रुपए निजी मुचलके और 25 हजार रुपए के 2 जमानतदार की शर्त पर जमानत दी है। कोर्ट ने आरोपी को हर सुनवाई पर न्यायालय के समक्ष पेश होने की शर्त रखी है। एडवोकेट अंशुमान सक्सेना ने आरोपी का बचाव किया। आरोपी के वकील ने कोर्ट में तर्क दिया कि आरोपी दिनेश रणवा को इस मामले में झूठा फंसाया गया है। पुलिस यह साबित नहीं कर पाई है कि घटना के समय गाड़ी दिनेश ही चला रहा था।

**9 जनवरी को मानसरोवर में हुआ था हादसा :** दरअसल, 9 जनवरी को देर रात जयपुर के सांगानेर में खरबास सर्किल के पास तेज रफ्तार ऑडी कार ने 16 लोगों को कुचल दिया था। कार इतनी तेज थी कि पहले एक पहले एक चौराहे के डिवाइडर से टकराई। उसके बाद करीब 200 मीटर दूर सर्विस लाइन में लगी ठेलियों और स्टॉल्स में जाकर भिड़ी। वहां खड़े और बैठे लोगों को कुचलते हुए कार एक पेड़ में जाकर टकराकर रुकी। टक्कर इतनी तेज थी कि सड़क किनारे लगा पेड़ भी उखड़ गया था।

**भीलवाड़ा के रमेश की मौत हुई थी :** हादसे में सड़क किनारे दाल बाटी की ठेली पर काम करने वाले रमेश की मौत हो गई थी। रमेश भीलवाड़ा का रहने वाला था और जयपुर में काम करने आया था। परिवार में उसके पिता और बहन कमाने वाले भाई के गुजर जाने के बाद बेसहारा हो गए। भयावह हादसे में करीब 14 लोग घायल हो गए थे।

## फर्जी डॉक्टर बनकर बुजुर्ग से ठगे लाखों रुपए

**लोक टुडे । अजमेर**



अजमेर में बुजुर्ग के घुटनों का दर्द ठीक करने के नाम पर 4.39 लाख रुपए ठग लिए गए। आरोपियों ने बुजुर्ग को दर्द से निजात दिलाने के लिए एक डॉक्टर का एड्रेस दिया, जो उनका ही साथी था। इसके बाद फर्जी इलाज कर रुपए लेकर भाग गए। अब फर्जी डॉक्टर समेत तीन आरोपियों को भोपाल से पकड़ा गया है। सभी बुजुर्गों और शारीरिक दर्द से परेशान लोगों को अपना निशाना बनाकर रुपए ऐंठते थे। मामला कोतवाली थाना इलाके का है। एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि मामले में दीन मोहम्मद (38), मोहम्मद कादिर (28) दोनों निवासी अंता, जिला बारां और मोहम्मद आसिफ (35) निवासी विज्ञान नगर, जिला कोटा को गिरफ्तार किया गया है। इसमें मोहम्मद कादिर डॉ. समीर जरीवाला नाम का फर्जी डॉक्टर बनता था।

**दर्द के इलाज के नाम पर फंसाया:** एसपी ने बताया कि हरीराम किशनचन्द मूलचन्दानी (62) ने ठगी का मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया था कि उनके घुटनों में दर्द रहता है। 26 मार्च को एक व्यक्ति मिला था। उसने कहा कि उसकी मां को भी ये समस्या थी। डॉ. समीर जरीवाला के इलाज से वह बिल्कुल ठीक हो गई। उसके कहने पर डॉक्टर को अपने घर बुलाया। डॉक्टर ने घुटने से 'सिंघी' (एक कुप्पीनुमा उपकरण) के जरिए मवाद निकालने का नाटक किया। कुल 73 बार मवाद निकालने का दावा कर उससे 4 लाख 39 हजार रुपए वसूल लिए। इसके बाद फरार हो गए।

## जयपुर में 106 साल की महिला की सर्जरी हुई

**लोक टुडे । जयपुर**

जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में 106 साल की बुजुर्ग महिला का ऑपरेशन किया गया है। महिला की पित्त की थैली और उससे जुड़ी नली में पथरी थी, जिससे महिला के पेट में लगातार दर्द था। एसएमएस में जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. अमित जैन ने बताया- झुंझुनूं निवासी महिला बनासरी 106 साल की हैं। इतनी उम्र में इंसान का ऑपरेशन करना बहुत जटिल होता है। क्योंकि इस उम्र में मनुष्य के ऑपरेशन से पहले घबराहट होने और उससे ब्लड प्रेशर बढ़ने के अलावा अन्य कॉम्प्लीकेशन होने का खतरा बहुत ज्यादा रहता है। इस महिला के लिए उम्र के अलावा दूसरी बड़ी चुनौती पित्त की थैली (गॉल ब्लैडर) के साथ ही उससे अटैच नली में भी पथरी का फंसा होना था। सर्जरी करने वाले डॉक्टर का कहना है कि इस उम्र के किसी मरीज का ऑपरेशन हॉस्पिटल में पहले हुआ है, ये कभी सुना नहीं।

### क्राइम फाइल्स

## पुलिस ने साधु का भेष बनाकर डकैत पकड़ा

**लोक टुडे । उदयपुर**

उदयपुर की गोवर्धनविलास थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 22 साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के ईनामी डकैत देवीसिंह कंजर को गिरफ्तार किया। पुलिस की टीम ने मध्यप्रदेश के देवास जिले के टोंकखुर्द इलाके में जाकर इस शातिर बदमाश को दबोचा है। खास बात यह है कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिसवालों को अपना हुलिया बदलकर साधु बनना पड़ा। यह मामला साल 2004 का है, जब आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उदयपुर के पास एक कंटेनर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। तब से पुलिस इसकी तलाश में थी, लेकिन यह बार-बार चकमा देकर फरार हो जाता था। उदयपुर एसपी अमृता दुहन के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने इस पुराने मामले की फाइल खोली और आरोपी तक पहुंचने का प्लान बनाया। लूट की वह वारदात बेहद खौफनाक थी। 29 जुलाई 2004 की रात को कंटेनर ड्राइवर रविंद्र कुमार यादव कपड़ों की गांठें लेकर सूरत से जयपुर जा रहे थे। रात करीब 10 बजे जब वे पडुणा पहुंचे, तो बदमाशों ने टाटा सूमो गाड़ी कंटेनर के आगे लगा दी। करीब 10-12 बदमाश आए और ड्राइवर के साथ मारपीट शुरू कर दी।

## साले ने जीजा की तलवार से गर्दन काटकर हत्या की

**लोक टुडे । बीकानेर**

बीकानेर में साले ने अपने साथी के साथ मिलकर जीजा की तलवार से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। बहू ने हत्या से पहले ससुर को कॉल कर धमकी दी थी। कहा था- बेटे को समझा लो नहीं तो उसे छोड़ेंगे नहीं। मामला मुक्ताप्रसाद थाना क्षेत्र में रामपुरा बस्ती की गली नंबर 7 का शुक्रवार देर रात 11 बजे का है। SHO विजेंद्र शीला ने बताया- जय सिंह (28) पुत्र राजेंद्र सिंह की हत्या हुई है। युवक के पिता ने बेटे के साले कपिल सिंह और एक अन्य पर आरोप लगाए हैं। दोनों को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है। डीएसपी अनुज डाल ने बताया- जयसिंह और उसकी पत्नी के बीच 2 साल से विवाद चल रहा था। इसके चलते हत्या हुई है।

**बेटे की पत्नी ने फोन कर धमकाया था:** जय सिंह के पिता राजेंद्र सिंह ने FIR में बताया- बेटे और उसकी पत्नी कुंजिका के बीच विवाद चल रहा था। 10 अप्रैल की रात 10:44 बजे कुंजिका ने कॉल कर कहा था- अपने बेटे जय सिंह को समझा लो नहीं तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं।

**साले पर हत्या का आरोप:** FIR में बताया कि इसके बाद उन्होंने बेटे को ढूंढा तो वह घर पर नहीं मिला। जब वे बेटे की तलाश में रामपुरा बस्ती स्थित शनि मंदिर के पास पहुंचे। वहां बेटे जय सिंह से उसका साला कपिल सिंह और अन्य मारपीट कर रहे थे। कपिल सिंह के हाथ में तलवार थी। FIR में बताया कि जैसे ही शोर मचाया तो दोनों वहां से बाइक लेकर भाग निकले। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से PBM अस्पताल पहुंचाया, यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

बेटे की पत्नी ने फोन कर धमकाया था जय सिंह के पिता राजेंद्र सिंह ने FIR में बताया- बेटे और उसकी पत्नी कुंजिका के बीच विवाद चल रहा था। 10 अप्रैल की रात 10:44 बजे कुंजिका ने कॉल कर कहा था- अपने बेटे जय सिंह को समझा लो नहीं तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं।
साले पर हत्या का आरोप: FIR में बताया कि इसके बाद उन्होंने बेटे को ढूंढा तो वह घर पर नहीं मिला। जब वे बेटे की तलाश में रामपुरा बस्ती स्थित शनि मंदिर के पास पहुंचे। वहां बेटे जय सिंह से उसका साला कपिल सिंह और अन्य मारपीट कर रहे थे। कपिल सिंह के हाथ में तलवार थी। FIR में बताया कि जैसे ही शोर मचाया तो दोनों वहां से बाइक लेकर भाग निकले। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से PBM अस्पताल पहुंचाया, यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

PK टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com



जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, रविवार, 12 अप्रैल, 2026


# जयपुर की सड़कों पर रात 11:30 बजे कमिश्नर ने देखी सफाई व्यवस्था

## 10 किमी पैदल निरीक्षण : गंदगी देख कर जुमार्ना वसूलने के दिए आदेश

**लोक टुडे । जयपुर**

जयपुर में अक्सर रात को सड़कों पर सन्नाटा होता है, लेकिन शुक्रवार रात कुछ अलग नजारा था। न कोई वीआईपी मूवमेंट था, न कोई सेलिब्रेशन। वो थे निगम कमिश्नर ओम कसेरा जो आधी रात सड़कों पर पैदल घूम रहे थे। साथ में अधिकारियों-कर्मचारियों की बड़ी टीम। मकसद जयपुर को गंदगी फ्री करना और स्वच्छता रैंकिंग में टॉप पर लाना। सफाई को लेकर सख्ती की शुरूआत उन्होंने जयपुर नगर निगम ऑफिस से ही की। सोमवार को उन्होंने ऑफिस के हर कमरे का निरीक्षण किया था। वहां फैली गंदगी को तुरंत साफ करने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए थे। दरअसल, लम्बे समय बाद किसी आईएएस की नगर-निगम में एंट्री हुई है। ऐसे में लोगों को उम्मीद है कि अब हालात सुधरेंगे।

### 24 घंटे में हर समस्या सही करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कई जगह गंदगी और अव्यवस्था मिलने पर कमिश्नर ने सख्त नाराजगी जताई। चौड़ा रास्ता में गंदगी मिलने पर संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाई। वहीं बड़ी चौपड़ पर डिवाइडर में जमा कचरे को तुरंत साफ करने के निर्देश दिए। चांदी की टकसाल क्षेत्र में नाला सफाई का मलबा पड़ा मिलने पर अधिकारियों को 24 घंटे में सफाई के निर्देश दिए गए।



### स्मार्ट टॉयलेट की खराब स्थिति को लेकर जताई चिंता

कसेरा ने सड़कों पर फैली गदंगी के साथ पब्लिक टॉयलेट का भी इंस्पेक्शन किया। जल महल पाल पर बंद पड़े पब्लिक टॉयलेट को लेकर भी नाराजगी जाहिर की गई और जल्द सुधार के निर्देश दिए गए। यहां भी कमिश्नर ने खुद कचरा उठाकर ड स्टबिन में डाला। उन्होंने कहा कि - कचरा फैलाने वालों और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुमार्ना जाएगा।

### अधिकारियों पर भड़के, जताई नाराजगी

जयपुर में आधी रात सफाई व्यवस्था देखने निकले नगर निगम कमिश्नर अधिकारियों पर भड़क गए। उन्होंने शहर के प्रमुख इलाकों में फैली गंदगी को लेकर नाराजगी जताई। आयुक्त ओम कसेरा ने निरीक्षण करते समय खुद कचरा भी उठाया। वे रात 11:30 से 1 बजे तक पुराने शहर के इलाकों में 10 किलोमीटर तक पैदल घूमे। उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर आम लोगों से फीडबैक भी लिया।

### रात 11 बजे शुरू किया इंस्पेक्शन

ओम कसेरा ने रात करीब सवा 11 बजे जयपुर शहर में न्यू गेट से निरीक्षण शुरू किया। यहां से वे पैदल ही चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया, बड़ी चौपड़, सुभाष चौक, जोरावर सिंह गेट होते हुए रामगढ़ मोड़ और जलमहल तक पहुंचे। इसके बाद वापस बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार और बापू बाजार होते हुए देर रात करीब डेढ़ बजे फिर न्यू गेट लौटे। यहां उन्होंने आमजन से सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए फीडबैक भी लिया।

### ऑफिस में भी लगाई थी फटकार



ओम कसेरा ने 6 अप्रैल को जयपुर नगर निगम कमिश्नर का चार्ज लिया था। इसके तुरंत बाद उन्होंने ऑफिस बिल्डिंग का निरीक्षण किया था। जगह-जगह फैली गंदगी को देखकर उन्होंने कर्मचारियों को फटकार लगाई थी। उन्होंने अधिकारियों से कहा था- शहर को साफ रखने की जिम्मेदारी हमारी है, लेकिन पहले अपना घर तो साफ करो। कसेरा ने निरीक्षण के बाद अधिकरियों को 7 दिन में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे।

# तस्कर ने लिव-इन पार्टनर के नाम करवाई आलीशान कोठी

## कानून से बचने के लिए अपनाया तरीका, लेकिन पकड़ा गया; संपत्ति फ्रीज

**लोक टुडे । नागौर**



कानूनी अड़चनों से बचने के लिए कुख्यात तस्कर ने अपनी बेशकीमती संपत्ति लिव इन पार्टनर के नाम करवा दी। प्लॉट पर 6 सालों में आलीशान कोठी बनाई। लेकिन पुलिस की सख्त निगरानी और जांच में पकड़ा गया। इसके बाद करीब 50 लाख की कोठी शनिवार को फ्रीज कर दी गई। मामला नागौर जिले के सुरपालिया थाना क्षेत्र का है। सुरपालिया थानाधिकारी सुमन कुलहरी ने बताया कि जानेवा निवासी बहादुर सिंह उर्फ समीर कुख्यात तस्कर रहा है। उस-के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत स्मैक सप्लाई के दो मामले बीकानेर जिले के पांचू थाना में दर्ज थे, इनमें पुलिस पहले ही चार्जशीट कोर्ट में पेश कर चुकी है। हालांकि दोनों ही मामले 6 साल पुराने हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि बहादुर सिंह ने तस्करी के जरिए अर्जित कमाई से पिछले 6 सालों के में एक आलिशान मकान का निर्माण करवाया था। कानूनी अड़चनों से बचने के लिए यह संपत्ति अपनी लिव-इन पार्टनर के नाम पर रजिस्टर्ड करवाई थी।

**नई दिल्ली से मिले आदेशों के बाद कार्रवाई**

पुलिस ने संपत्ति के पूरे दस्तावेज और सबूत जुटाकर नई दिल्ली स्थित सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। इसके बाद प्राधिकारी ने संपत्ति को फ्रीज करने के आदेश दिए है। इन्हीं आदेशों की पालना में सुरपालिया थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तस्कर की संपत्ति को फ्रीज करने की औपचारिक कार्रवाई पूरी की। अब संपत्ति का बेचान नहीं किया जा सकेगा और यह संपत्ति प्रशासनिक निगरानी के अधीन रहेगी।

**आलीशान मकान की कीमत करीब 50 लाख रुपए:**

सुरपालिया थानाधिकारी सुमन कुलहरी ने बताया कि आरोपी बहादुर सिंह ने मादक पदार्थों की तस्करी से हुई कमाई से ही यह आलिशान मकान बनवाया था। इसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपए से ज्यादा है। इस मकान को आज 68ऋके तहत का-र्रवाई करते हुए मकान को सीज किया गया है। नागौर एसपी रोशन मीना का कहना है- नागौर जिले में अपराधियों विशेषकर नशा तस्करों पर लगाम लगाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रहे हैं ।

# राठौड़ बोले- वसुंधरा जी के सब काम हो रहे; वे आज भी पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**लोक टुडे । बीकानेर**




भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के एक बयान पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा- ऐसा नहीं है कि वसुंधरा राजे के काम नहीं हो पा रहे हैं ।उनके हर काम हो रहे हैं। हर बार कोई मुख्यमंत्री थोड़ेङ्क किसको क्या मिलना है। राठौड़ ने बीकानेर में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने एक कहावत का भी जिक्र किया। कहा- 'चिट्ठी चूर-चूर करे, मांगे दाल और घी, मोदी सु कुण झगड़ो करे, चिट्ठी खानी नाळ।' राजे पर पूछे गए सवाल पर राठौड़ ने कहा कि वे आज भी पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।

**राजे ने कहा था- मैं अपने लिए कुछ नहीं कर सकी:**

इससे पहले गुरुवार को झालावाड़ में वसुंधरा राजे ने कहा था कि छोटे-मोटे काम होते रहते हैं। किसी को मकान नहीं मिल रहा, किसी की पेंशन नहीं मिल रही, किसी का मुआवजा नहीं मिल रहा। कल आई थी, ये लोग मुझे बोल रहे थे। मैंने कहा, मेरे साथ भी हो गया, मैं अपने आपके लिए कुछ नहीं कर सकी, तुम्हारे लिए क्या करूं। मेरा चला गया, मैं नहीं बचा सकी अपने आपको और तुम कह रहे हो कि आपका तो ठीक है, हमें बचा लीजिए। मैं कैसे बचाऊं? ये सब चलता रहता है, परिवार है। राजे के बयान के बाद से ही पार्टी में उनके कद को लेकर चचाएं शुरू हो गई थी।

**ममता बनर्जी का जनाधार खिसक रहा है:**

दरअसल, राठौड़ बीकानेर में भाजपा के संभाग ऑफिस में हुई एक बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने राज्य में लंबित राजनीतिक नियुक्तियों पर भी जवाब दिए। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया जारी है और जल्द ही चरणबद्ध तरीके से विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां दी जाएंगी, जिससे संगठन को और मजबूती मिलेगी। राठौड़ ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी राय दी। उन्होंने कहा- उनका(ममता बनर्जी) जनाधार लगातार खिसक रहा है और तृणमूल कांग्रेस का शासन अधिक समय तक नहीं टिकेगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने असम में भाजपा की दो-तिहाई बहुमत से जीत का दावा किया। साथ ही तमिलनाडु में एआईएडीएमके के साथ मिलकर चुनाव जीतने की संभावना जताई। उदयपुर में भाजपा नेताओं के बीच दो फाड़ होने के मुद्दे पर कहा कि वहां कार्यकताओं से बातचीत करके मामला सुलझा दिया गया है।


स्वत्वाधिकारी, मुद्रिक, प्रकाशन, संपादक - नीरज मेहरा द्वारा बोनस ग्राफिक्स, लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा मार्ग, अजमेर रोड, जयपुर - 302006 से मुद्रिक एवं 141, दयानन्द नगर, फेज प्रथम झेलना डूंगरी गली नंबर 19, थाना गांधी नगर, जयपुर (राज.) प्रकाशित प्रबंध संपादक - पी.के.बृजवाल, 9950325930, 9571635930 (कानूनी सलाहकार एडवोकेट कैलाशनाथ भट्ट)